**उत्तराखण्ड शासन**
**पेयजल एवं स्वच्छता अनुभाग–1**
**संख्या : 806 /उन्तीस (1)/2017/(07 अधि0)/2001**
**देहरादून : दिनांक : 06 जुलाई, 2017**

## कार्यालय ज्ञाप

उत्तराखण्ड जल संस्थान में वर्ष 2011 एवं तदोपरान्त सहायक अभियन्ता पद पर सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के माध्यम से नियुक्त कार्मिकों की परस्पर संयुक्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची कार्यालय ज्ञाप संख्याः 368/उन्तीस (1)/2017/(07 अधि0)/2001, दिनांक 25.04.2017 के द्वारा निर्गत करते हुए अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में उल्लिखित कार्मिकों से उनकी स्थिति के सम्बन्ध में किसी तथ्य के प्रतिकूल होने के सम्बन्ध में आपत्तियां/प्रत्यावेदन, सूची निर्गत होने की तिथि से 15 दिन के भीतर आपत्तियों की पुष्टि हेतु नियमों एवं प्रमाण सम्बन्धी अभिलेखों के साथ शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।

2– उपरोक्त सन्दर्भित कार्यालय ज्ञाप दिनांक 25.04.2017 द्वारा निर्गत सहायक अभियन्ताओं की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रम में मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान के माध्यम से एवं सीधे शासन में निर्धारित अवधि के भीतर कुल 37 सहायक अभियन्ताओं की आपत्तियां/प्रत्यावेदन प्राप्त हुए हैं। उक्त प्रत्यावेदनों में की गई आपत्तियों का संक्षिप्त विवरण एवं उनका निस्तारण निम्नवत् किया जा रहा है :–

| क्रम | सहायक अभियन्ता का नाम | आपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | आपत्ति का निस्तारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1.<br>2.<br>3. | श्री प्रवीन कुमार सैनी,<br>श्री संजय सिंह एवं<br>श्री सुनील बिष्ट, | - | अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के सम्बन्ध में अनापत्ति व्यक्त की गई है, अतः निस्तारण की आवश्यकता नहीं है। |
| 4. | श्री अशोक कुमार | शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता डिप्लामा के स्थान पर AMICE (I) अंकित करने का अनुरोध किया गया है। | शासन के पत्र दिनांक 6 अप्रैल, 2016 द्वारा श्री अशोक कुमार की तकनीकी योग्यता AMICE (I) सेवा अभिलेखों में अंकित करने की स्वीकृति के क्रम में आपत्ति ग्राह्य करते हुए तदनुसार संशोधन कर दिया है। |
| 5 | श्री अशोक कुमार<br>श्री एस0सी0 जुयाल,<br>श्री विनोद पाण्डेय<br>श्री बी0एस0 नेगी,<br>श्री आनन्द मोहन कंसल, एवं श्री एल0 एस0 कुमांई | जल संस्थान की सेवा नियमावली मे संयुक्त ज्येष्ठता सूची बनाए जाने का कोई प्राविधान न होने एवं लोक सेवा आयोग द्वारा दिए गए परामर्श कि सिविल एवं विद्युत/यांत्रिक के प्रश्न पत्र विषय के अनुसार अलग–अलग होते हैं। अतः उनके द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर संयुक्त मैरिट लिस्ट बनायी जानी तर्कसंगत नहीं है, के क्रम में पूर्व निर्गत संवर्गवार पृथक–पृथक ज्येष्ठता सूची को सही बताते हुए संयुक्त ज्येष्ठता सूची के स्थान पर संवर्गवार पृथक–पृथक ज्येष्ठता सूची निर्गत करने का अनुरोध किया गया है। | उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा नियमावली, 2011 एवं संशोधन नियमावली, 2013 के नियम–24 में ज्येष्ठता निधारण का प्राविधान विद्यमान है। उक्त नियम में संवर्गवार पृथक–पृथक वरिष्ठता निर्धारण करने का प्राविधान नहीं है। इसके अतिरिक्त जल संस्थान के संवर्ग ढांचे में संवर्गवार पद भी सृजित नहीं हैं। जल संस्थान का कार्य मुख्य रूप से पेयजल एवं सीवेज योजनाओं के रखरखाव एवं संचालन का है, जिसमें संवर्गवार कार्यावंटन नहीं किया जा सकता है। इस आधार पर ज्येष्ठता का निर्धारण संवर्गवार नहीं किया जा सकता है। अतः प्राप्त आपत्तियां ग्राह्य नहीं है। |

656
06.07.17

सचिव (पे0)

मुख्य महाप्रबन्धक

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 6 | श्री पी0के0 पाण्डेय | वरिष्ठता कमांक 43 के स्थान पर वरिष्ठता कमांक 06 पर वरिष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। | जल संस्थान सेवा नियमावली, 2011 के नियम–24 (3) में प्राविधान है कि पदोन्नत द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वहीं होगी, जो उनके पोषक संवर्ग में थी, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है। श्री पाण्डेय की वरिष्ठता उनके पोषक पद कनिष्ठ अभियन्ता की वरिष्ठाता के आधार पर निर्धारित की गई है। अतः आपत्ति ग्राह्य नहीं है। |
| 7 | निशा गौतम, | अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित जन्म तिथि 14.05.1992 को त्रुटिपूर्ण बताते हुए उसके स्थान पर सही जन्मतिथि 17.07. 1988 अंकित किए जाने पर अनुरोध किया गया है। | सुश्री निशा द्वारा उपलब्ध कराए गए हाई स्कूल प्रमाण–पत्र के आधार पर उनकी जन्म तिथि 17.07.1988 अंकित कर ली गई है। |
| 8 | सुश्री निशा गौतम, श्री प्रशान्त भारद्वाज एवं श्री मनोज कुमार गंगवार, | 1. अभियन्ताओं की ज्येष्ठता परीक्षा में प्राप्त रॉ मार्क्स द्वारा निर्धारित करने के स्थान पर आयोग द्वारा प्रयुक्त स्केलिंग की पद्धति का अपनाकर निर्धारित की जानी चाहिए। | 1. अभियन्ताओं की ज्येष्ठता का निर्धारण पूर्व की भांति परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर है। उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा नियमावली, 2011 के नियम 24(2) में यह प्रावधान है कि किसी एक चयन के परिणाम स्वरूप सीधी नियुक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वहीं होगी, जो यथास्थिति, आयोग या चयन समिति द्वारा अवधारित की जाए। आपत्तिकर्ताओं की ज्येष्ठता उक्त नियम के अधीन निर्धारित होने के कारण आपत्ति ग्राह्य नहीं है। |
| | | 2. अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में कमांक 57 से 73 तक चकीय कम का पालन नहीं किया गया है। | 2. ज्येष्ठता सूची के कमांक 57 से 73 के मध्य अंकित अभियन्ताओं की पदोन्नति चयन वर्ष 2013–14 में हुई है। उक्त चयन वर्ष में सीधी भर्ती के अभियन्ताओं की नियुक्ति न होने के कारण चकीय कम का निर्धारण नहीं किया जा सकता। अतः आपत्ति ग्राह्य नहीं है। |
| 9 | श्री विनेश कुमार | अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित जन्म तिथि 10.03.1979 को त्रुटिपूर्ण बताते हुए उसके स्थान पर सही जन्मतिथि 10.08.1979 अंकित किए जाने पर अनुरोध किया गया है। | श्री विनेश कुमार द्वारा उपलब्ध कराए गए हाई स्कूल प्रमाण–पत्र के आधार पर उनकी जन्म तिथि 10.08.1979 अंकित कर ली गई है। |
| 10 | श्री प्रशान्त भारद्वाज, | शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता बी0टेक अंकित की गई है, जिसे एम0टेक संशोधित करने का अनुरोध किया गया है। | श्री भारद्वाज द्वारा शैक्षिक/तकनीकी योग्यता एवं एम0टेक करने सम्बन्धी कोई भी साक्ष्य/प्रमाण उपलब्ध नहीं कराए गए है। साक्ष्य के अभाव में तकनीकी शैक्षिक योग्यता में परिवर्तन सम्भव नहीं है। |
| 11 | श्री अजय पाल सिंह, श्री बी0सी0पाल, श्री राजेन्द्र प्रसाद ममगाईं, श्री कैलाश चन्द्र पैन्यूली श्री वी0पी0 रमोला, श्री यशवीर मल्ल, श्री राजीव सैनी, श्री बलदेव सिंह श्री सतीश चन्द्र नौटियाल, श्री सुनील तिवारी एवं श्री मनीष सेमवाल | अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक 06, 10, 22, 26, 28, 40, 46, 52 एवं 54 पर अंकित अभियन्ताओं को चयन वर्ष 2013–14 में पदोन्नति कोटे के अभियन्ताओं के साथ चकीय कम में रखे जाने का अनुरोध किया गया है। | अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक 06, 10, 22, 26, 28, 40, 46, 52 एवं 54 पर अंकित अभियन्ता अभियन्त्रण परीक्षा 2007 के पुनरीक्षित परिणामों के आधार पर नियुक्त हुए हैं। इन अभियन्ताओं की ज्येष्ठता उक्त परीक्षा में चयनित अन्य अभियन्ताओं की लोक सेवा आयोग से प्राप्त प्रवीणता सूची के आधार पर निर्धारित की गई है। अतः आपत्ति ग्राह्य नहीं है। |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 12 | श्री अजय पाल सिंह, श्री बी0सी0पाल, श्री एस0सी0 जुयाल, श्री विनोद पाण्डेय, श्री बी0एस0 नेगी, श्री आनन्द मोहन कंसल, श्री राजेन्द्र प्रसाद ममगाई एवं श्री कैलाश चन्द्र पैन्यूली | ज्येष्ठता सूची में अंकित सेवानिवृत्त, स्वैच्छिक सेवानिवृत्त एवं स्वर्गवास हो चुके अभियन्ताओं का नाम हटाते हुए ज्येष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। | उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा नियमावली, 2011 के नियम 24 में एक ही चयन वर्ष में सीधी भर्ती/पदोन्नति से नियुक्त अभियन्ताओं में से पूर्व में सेवानिवृत्त/मृत कार्मिकों के स्थान पर वर्तमान में कार्यरत कार्मिकों को रखे जाने के सम्बन्ध में कोई भी प्राविधान नहीं है। अतः आपत्ति नियमों पर आधारित नहीं होने के कारण ग्राह्य नहीं है। |
| 13 | श्री एस0सी0 जुयाल, श्री विनोद पाण्डेय श्री बी0एस0 नेगी, श्री आनन्द मोहन कंसल, श्री अब्दुल रशीद, श्री बदरे आलम, श्री चन्दन सिंह देवड़ी, श्री संजय कुमार, श्री राजेश कुमार, श्री ललित मोहन पाण्डे, श्री राजेन्द्र प्रसाद ममगाई, श्री कैलाश चन्द्र पैन्यूली, श्री एल0एस0 कुमांई, श्री रमाशंकर एवं श्री अरूण कुमार | कमांक 49, 51, 53 एवं 55 पर अंकित आरक्षित श्रेणी के अभियन्ताओं को अर्हकारी सेवा पूर्ण किए बिना दी गई पदोन्नति के विरुद्ध आपत्ति करते हुए उनसे ऊपर वरिष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। | अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में कमांक 49, 51, 53 एवं 55 पर अंकित अभियन्ताओं की पदोन्नति चयन वर्ष 2010–11 में आरक्षित कोटे के अन्तर्गत हुई है, जबकि आपत्तिकर्ताओं की पदोन्नति इसके बाद के चयन वर्षों में हुई है। उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के नियम–7 के स्पष्टीकरण में यह उल्लेख है कि पश्चातवर्ती चयन के परिणाम स्वरूप नियुक्त व्यक्ति पूर्ववर्ती चयन के परिणाम स्वरूप नियुक्त व्यक्तियों से कनिष्ठ होंगें। अतः आपत्ति ज्येष्ठता नियमों के आलोक में ग्राह्य नहीं है। |
| 14 | श्री एस0सी0 जुयाल, श्री विनोद पाण्डेय एवं श्री एल0एस0 कुमांई | उत्तराखण्ड जल संस्थान में वर्ष 2004 को हुए विनियमितीकरण से पूर्व वर्ष 1996 से संहत वेतन (मूल वेतन+डी0ए0) पर की गई सेवाओं को जोड़ते हुए वरिष्ठता निर्धारण किए जाने का अनुरोध किया गया है। | उत्तराखण्ड सरकारी सेवा ज्येष्ठता नियमावली, 2002 एवं उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा नियमावली, 2011 के ज्येष्ठता सम्बन्धी नियम–24 में संहत वेतन पर की गई सेवाओं को ज्येष्ठता हेतु गणना किए जाने का प्राविधान न होने के कारण आपत्ति ग्राह्य नहीं है। |
| 15 | श्री बी0एस0 नेगी, | अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित जन्म तिथि 17.02.1966 को त्रुटिपूर्ण बताते हुए उसके स्थान पर सही जन्मतिथि 27.02.1966 एवं तकनीकी/शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा के स्थान पर बी0टेक (सिविल) की डिग्री अंकित करने का अनुरोध किया गया है। | श्री बी0एस0 नेगी द्वारा उपलब्ध कराए गए हाई स्कूल प्रमाण–पत्र के आधार पर उनकी जन्म तिथि 27.02.1966 एवं तकनीकी/शैक्षिक योग्यता प्रमाण–पत्र के आधार पर बी0टेक डिग्री अंकित कर ली गई है। |
| 16 | श्री अब्दुल रशीद, श्री बदरे आलम, श्री चन्दन सिंह देवड़ी, श्री संजय कुमार, श्री राजेश कुमार एवं श्री ललित मोहन पाण्डे | 1. ज्येष्ठता सूची के कम सं0 93 से 102 तक दर्शाए गए सहायक अभियन्ताओं की कनिष्ठ अभियन्ता पद पर तदर्थ नियुक्ति, जिनका चयन वर्ष 2004–05 में आता है। ज्येष्ठता नियमावली के अनुसार एक ही चयन वर्ष में नियमित और तदर्थ नियुक्ति की जाए तो नियमित भर्ती के लिए किया गया चयन पूर्ववर्ती चयन माना जाएगा, के आधार पर ज्येष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। | 1. यह आपत्ति कनिष्ठ अभियन्ता पद की वरिष्ठता के सम्बन्ध में की गई है, जो कि ग्राह्य नहीं है। चूंकि कनिष्ठ अभियन्ता पद की अन्तिम वरिष्ठता के आधार पर ही अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कमांक सं0 93 से 102 के कार्मिकों को चयन वर्ष 2014–15 की रिक्तियों के सापेक्ष सहायक अभियन्ता पद पर पदोन्नत किया गया है, जबकि आपत्तिकर्ताओं की पदोन्नति चयन वर्ष 2015–16 में हुई है। |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | करने का अनुरोध किया गया है।<br>2. ज्येष्ठता सूची के क्रमांक 72 पर अंकित श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को ज्येष्ठता सूची में चयन वर्ष 2004–05 में नियुक्त अभियन्ताओं के ज्येष्ठता क्रम में रखे जाने का अनुरोध किया गया है। | 2. श्री श्रीवास्तव की वरिष्ठता कनिष्ठ अभियन्ता पद पर कार्यालय आदेश दिनांक 17.01.2013 द्वारा निर्धारित हुई है, जिसमें आपत्तिकर्ताओं के नाम भी सम्मिलित हैं। सहायक अभियन्ता पद पर पदोन्नति कनिष्ठ अभियन्ता की अन्तिम वरिष्ठता सूची के आधार पर हुई है। अतः प्रस्तुति आपत्तियां नियमों के आलोक में ग्राह्य नहीं है। |
| 17 | श्री जे0पी0 सिंह | 1. अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक 06, 10, 22, 26, 28, 40, 46, 52 एवं 54 पर अंकित अभियन्ताओं की वरिष्ठता निर्धारण में प्रचलित नियमों का उल्लंघन बताया गया है।<br><br>2. क्रमांक 49, 51, एवं 55 पर अंकित अभियन्ताओं की वरिष्ठता निर्धारण में प्रचलित नियमों का उल्लंघन बताया गया है। | दोनों आपत्तियों के सम्बन्ध में किन नियमों का उल्लंघन हुआ है, के सम्बन्ध में न तो कोई तथ्य दिए गए हैं और न ही कोई साक्ष्य उपलब्ध कराए गए हैं। अतः आपत्तियां ग्राह्य नहीं है। |
| 18 | श्री एल0एस0 कुमाई | चयन वर्ष 2010–11 में प्राप्त की गई डिग्री के आधार पर चयन वर्ष 2010–11 से नोशनल पदोन्नति का लाभ देते हुए ज्येष्ठता निर्धारण करने का अनुरोध किया गया है। | श्री कुमाई की वरिष्ठता का निर्धारण पोषक संवर्ग की वरिष्ठता एवं मौलिक नियुक्ति की तिथि के आधार पर किया गया है। अतः आपत्ति ग्राह्य नहीं है। |
| 19 | श्री शिव कुमार राय एवं श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव | वर्ष 1998 में ए0एम0आई0ई की डिग्री उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप डिग्री कोटे के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता के पद पर वर्ष 2013–14 के स्थान पर श्री कैलाश सिंह खाती की भांति पूर्वगामी तिथि से नोशनल पदोन्नति करते हुए ज्येष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है।<br>श्री श्रीवास्तव द्वारा अपनी तकनीकी/शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा के साथ–साथ बी0टैक मैकेनिकल इंजीनियरिंग अंकित करने का अनुरोध किया गया है। | श्री शिव कुमार राय एवं श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव की वरिष्ठता का निर्धारण पोषक संवर्ग की वरिष्ठता एवं मौलिक नियुक्ति की तिथि के आधार पर किया गया है। अतः आपत्ति ग्राह्य नहीं है।<br><br>श्री श्रीवास्तव द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमाण–पत्र के आधार पर उनकी तकनीकी/शैक्षिक योग्यता बी0टेक अंकित कर ली गई है। |
| 20 | श्री रमाशंकर श्री अरूण कुमार एवं श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, | 1. चयन वर्ष 2012–13 के स्थान पर चयन वर्ष 2013–14 में पदोन्नति होने के फलस्वरूप प्रभावित हुई ज्येष्ठता के आधार पर चयन वर्ष 2013–14 से ऊपर ज्येष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है।<br><br>2. विभिन्न तथ्यों का उल्लेख करते हुए क्रमांक 73 पर अंकित श्री राजेश कुमार निर्वाल एवं क्रमांक 85 पर अंकित श्री राकेश कुमार से ऊपर ज्येष्ठता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। | 1. श्री रमाशंकर की ज्येष्टता सहायक अभियन्ता के पद पर वास्तविक पदोन्नति के चयन वर्ष (2013–14) के आधार पर निर्धारित की गई है। चयन वर्ष 2012–13 में पदोन्नति के दावे मात्र के आधार पर ज्येष्ठता निर्धारित नहीं की जा सकती है।<br><br>2. इन अभियन्ताओं की वरिष्ठता सम्बन्धी आपत्ति कनिष्ठ अभियन्ता पद की वरिष्ठता से सम्बन्धित है। कनिष्ठ अभियन्ता पद की अन्तिम वरिष्ठता कार्यालय आदेश दिनांक 17.01.2013 द्वारा निर्गत की गई है तथा कनिष्ठ अभियन्ता की वरिष्ठता के आधार पर ही सहायक अभियन्ता पद पर पदोन्नति होने के कारण आपत्तियां ग्राह्य नहीं है। |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 21 | श्री वी0सी0 रमोला,<br>श्री यशवीर मल्ल<br>श्री राजीव सैनी,<br>श्री बलदेव सिंह<br>श्री सतीश चन्द्र नौटियाल एवं<br>श्री बलदेव सिंह | 1. श्री कैलाश सिंह खाती की अधिशासी अभियन्ता के पद पर पदोन्नति नियम विरूद्ध है।<br>2. सीधी भर्ती के सहायक अभियन्ता सिविल तथा सहायक अभियन्ता वि0/यां0 की संयुक्त प्रवीर्णता सूची आधारहीन है। | 1. अधिशासी अभियन्ता पद पर श्री खाती की पदोन्नति सम्बन्धी प्रकरण ज्येष्ठता से आच्छादित नहीं है।<br>2. उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवानियमावली, 2011 में संवर्गवार पृथक-पृथक ज्येष्ठता निर्धारित करने का प्राविधान नहीं है। जल संस्थान के कार्यो के दृष्टिगत जल संस्थान के सृजन से ही संयुक्त ज्येष्ठता सूची निर्गत हुई है। |
| | | 3. संयुक्त वरिष्ठता सूची बनाए जाने के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग के परामर्श का अनुपालन सही प्रकार से नहीं किया गया है। | 3. कार्मिक विभाग द्वारा संवर्गवार सिविल एवं वि0/यां0 संवर्ग की पृथक-पृथक ज्येष्ठता सूची बनाने का परामर्श नहीं दिया गया है। |
| | | 4. लोक सेवा आयोग द्वारा अधियाचन के अनुसार सिविल एवं वि0/यां0 संवर्ग अलग-अलग विषयों की परीक्षाएं आयोजित कर संवर्गवार चयनित अभ्यर्थियों की प्रवीर्णता सूची उनके द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर प्रेषित की गई है। आयोग द्वारा अलग-अलग विषयों में प्राप्त अंकों के आधार पर संयुक्त मैरिट लिस्ट बनाना तर्कसंगत न होने का उल्लेख किया गया है। जल संस्थान की सेवा नियमावली में अलग-अलग जारी मैरिट लिस्ट के प्राप्तांकों के आधार पर संयुक्त प्रवीर्णता सूची बनाए जाने के सम्बन्ध में कोई प्राविधान न होने के कारण संयुक्त वरिष्ठता सूची को निरस्त करने का अनुरोध किया गया है। | 4. उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा नियमावली, 2011 में ज्येष्ठता निर्धारण के सम्बन्ध में नियम-24 में स्पष्ट व्यवस्था है। उक्त नियम में संवर्गवार पृथक-पृथक ज्येष्ठता निर्धारण करने का प्राविधान नहीं है। उक्त नियमावली के नियम-16 (4) में सीधी भर्ती के कार्मिकों की प्रवीर्णता सूची तैयार करने का प्राविधान है, जिसमें संवर्गवार प्रवीर्णता सूची तैयार करने का प्राविधान नहीं है। |
| | | 5. जल संस्थान मूलरूप से सिविल अभियन्त्रण का विभाग है। लोक सेवा आयोग को सिविल एवं वि0/यां0 के पृथक-पृथक अधियाचन प्रेषित किए गए। जल संस्थान के अन्तर्गत अभियन्ताओं की आवश्यकताओं के मध्येनजर 2 : 1 का अनुपात निर्धारित है। अतः सिविल अभियन्त्रण के आवश्यकताओं को देखते हुए 2 : 1 का अनुपात निर्धारित करते हुए संयुक्त ज्येष्ठता सूची निर्गत करना न्याय संगत होगा। | 5. यह आपत्ति उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा नियमावली, 2011 के ज्येष्ठता निर्धारण सम्बन्धी नियम-24 के प्राविधानों से आच्छादित नहीं है। |
| | | 6. उत्तराखण्ड जल संस्थान में अन्य अभियन्त्रण विभागों की भांति सहायक अभियन्ता एवं उसके ऊपर के सभी पदों के लिए एक ही वरिष्ठता सूची निर्गत करने का अनुरोध किया गया है। | 6. यह आपत्ति कार्यालय ज्ञाप दिनांक 25.04.2017 में निर्गत अनन्तिम वरिष्ठता सूची के सन्दर्भ में नहीं है। |
| | | 7. वर्ष 2010-11 में पदोन्नत श्री के0एम0 जोशी एवं श्री डी0पी0 श्रीवास्तव को वरिष्ठता सूची में नहीं जोड़ा गया है। | 7. श्री के0एम0 जोशी वर्ष 2011 में सीधी भर्ती से नियुक्त सहायक अभियन्ताओं की नियुक्ति तिथि से पूर्व ही सेवानिवृत्त हो गए थे। अतः इनका नाम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित करने की आवश्यकता नही है। श्री डी0पी0 श्रीवास्तव का नाम अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के क्रमांक 03 पर अंकित है।<br>उपरोक्त तथ्यों के आधार पर की गई आपत्तियां ग्राह्य नहीं है। |

3— अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के सन्दर्भ में प्राप्त आपत्तियों का उपरोक्तानुसार निस्तारण करते हुए ज्येष्ठता सम्बन्धी मामलों को शासित करने एवं उनके निमित्त आधारभूत सिद्धान्त निश्चित करने हेतु 'उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002' एवं 'उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण नियमावली, 2011' के ज्येष्ठता सम्बन्धी नियमों के अन्तर्गत निर्धारित मानदण्डों के अनुसार उत्तराखण्ड जल संस्थान में सहायक अभियन्ताओं की अन्तिम ज्येष्ठता सूची निम्नवत प्रख्यापित की जाती है :—

| क्र. सं. | अधिकारी का नाम | जन्मतिथि | शैक्षिक/ तकनीकी योग्यता | गृह जनपद | सहायक अभियन्ता के पद पर मौलिक नियुक्ति तिथि | भर्ती का स्रोत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री जगदीप चौधरी | 18—06—57 | डिप्लोमा | नैनीताल | 11—03—2011 | पदोन्नति | |
| 2 | श्री प्रियदर्शन सिंह रावत | 08—11—82 | बी.ई. वि0यां0 | उत्तरकाशी | 2011 | सीधी भर्ती | |
| 3 | श्री देवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव | 01—1—56 | डिप्लोमा | गोरखपुर | 11—3—2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 4 | श्री तरूण शर्मा | 26—10—84 | बी.ई. वि0यां0 | सहारनपुर | 15—07—2011 | सीधी भर्ती | |
| 5 | श्री जय प्रकाश जयसवाल | 10—07—51 | डिप्लोमा | गौरखपूर, उ0प्र0 | 11—03—2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 6 | श्री सुरेश ठाकुर | 31—12—76 | बी0टैक वि0यां0 | | 04—06—2013 | सीधी भर्ती | |
| 7 | श्री हुकुम सिंह पुण्डीर | 13—08—53 | डिप्लोमा | देहरादून | 11—03—2011 | पदोन्नति | स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति |
| 8 | श्री अजय कुमार | 14—05—82 | बी.ई. वि0यां0 | रामनगर | 15—07—2011 | सीधी भर्ती | |
| 9 | श्री गोविन्द सिंह नेगी | 06—03—55 | डिप्लोमा | देहरादून | 11—03—20011 | | सेवानिवृत्त |
| 10 | श्री आशीष भट्ट | 05—03—83 | बी0टैक वि0यां0 | टिहरी | 05—03—2013 | सीधी भर्ती | |
| 11 | श्री सूरत सिंह कण्डारी | 26—10—55 | डिप्लोमा | टिहरी | 11—03—11 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 12 | श्री नन्द किशोर | 15—09—81 | बी.ई. वि0यां0 | बागेश्वर | 03—06—2011 | सीधी भर्ती | |
| 13 | श्री नरेन्द्र सिंह पयाल | 31—05—57 | डिप्लोमा | देहरादून | 11—03—2011 | पदोन्नति | |
| 14 | श्री सन्तोष कुमार उपाध्याय | 01—07—72 | बी.ई. सिविल | पिथौरागढ़ | 03—06—2011 | सीधी भर्ती | |
| 15 | श्री मनोहरी लाल बिजल्वाण | 10—12—54 | डिप्लोमा | टिहरी | 11—03—2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 16 | श्री सुशील कुमार सैनी | 14—12—77 | बी.ई. वि0यां0 | हरिद्वार | 03—06—2011 | सीधी भर्ती | |
| 17 | श्री चैन सिंह भण्डारी | 25—06—53 | डिप्लोमा | उत्तरकाशी | 11—03—2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 18 | श्री प्रवीन कुमार | 01—03—72 | बी.ई. वि0यां0 | हरिद्वार | 03—06—2011 | सीधी भर्ती | |
| 19 | श्री प्रमोद कुमार त्यागी | 25—09—59 | डिप्लोमा | गाजियाबाद | 11—03—2011 | पदोन्नति | |
| 20 | श्री संजय सिंह | 30—11—83 | बी.ई. वि0यां0 | रूद्रप्रयाग | 15—07—2011 | सीधी भर्ती | |
| 21 | श्री उमेश चन्द्र नौडियाल | 25—07—56 | डिप्लोमा | पौडी | 11—03—2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 22 | श्री अभिषेक कुमार वर्मा | 30—06—76 | बी0टैक वि0यां0 | उधमसिंहनगर | 05—03—2013 | सीधी भर्ती | |
| 23 | श्री राजेन्द्र कुमार चौहान | 30—06—55 | डिप्लोमा | देहरादून | 11—03—2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 24 | श्री मनीष सेमवाल | 18—06—76 | बी.ई. सिविल | टिहरी | 03—06—2011 | सीधी भर्ती | |
| 25 | श्री द्वारिका प्रसाद पोखरियाल | 12—01—56 | डिप्लोमा | टिहरी | 11—03—2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 26 | श्री नरेश पाल सिंह | 10—08—81 | बी0ई0 वि0यां0 | टिहरी | 04—06—2013 | सीधी भर्ती | |
| 27 | श्री अरविन्द सिंह कैन्तुरा | 23—12—56 | डिप्लोमा | देहरादून | 11—03—2011 | पदोन्नति | स्वर्गवास |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | श्री मुकेश कुमार | 01–09–72 | बी0टैक वि0यां0 | हरिद्वार | 04–06–2013 | सीधी भर्ती | |
| 29 | श्री अब्बल सिंह पंवार | 03–03–59 | डिप्लोमा | उत्तरकाशी | 11–03–2011 | पदोन्नति | |
| 30 | श्री सुनील तिवारी | 15–07–74 | बी.ई. सिविल | देहरादून | 2011 | सीधी भर्ती | |
| 31 | श्री नरेश कुमार कौशिक | 02–01–55 | डिप्लोमा | सहारनपुर | 11–03–2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 32 | श्री विनोद चन्द रमोला | 02–08–79 | बी.ई.सिविल | उत्तरकाशी | 2011 | सीधी भर्ती | |
| 33 | श्री देवेन्द्र दत्त जोशी | 18–02–56 | डिप्लोमा | टिहरी | 11–03–2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 34 | श्री विशाल कुमार | 30–05–73 | बी.ई.सिविल | उधमसिंह नगर | 03–06–2011 | सीधी भर्ती | |
| 35 | श्री शान्ति प्रसाद सेमवाल | 15–03–57 | डिप्लोमा | टिहरी | 11–03–2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 36 | श्री नमित रमोला | 24–03–81 | बी.ई.सिविल | उत्तरकाशी | 03–06–2011 | सीधी भर्ती | |
| 37 | श्री ओम प्रकाश बहुगुणा | 15–08–57 | डिप्लोमा | पौडी | 11–03–2011 | पदोन्नति | |
| 38 | श्री बलदेव सिंह | 16–11–77 | बी.ई.सिविल | उत्तरकाशी | 03–06–2011 | सीधी भर्ती | |
| 39 | श्री बृज राज किशोर गोयल | 09–12–54 | डिप्लोमा | सहारनपुर | 11–03–2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 40 | श्री सतीश चन्द्र नौटियाल | 10–07–75 | बी0टैक सिविल | टिहरी | 05–03–2013 | सीधी भर्ती | |
| 41 | श्री धर्मपाल सिह चौहान | 15–09–56 | डिप्लोमा | देहरादून | 20–04–2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 42 | श्री सतेन्द्र कुमार गुप्ता | 12–04–76 | बी.ई.सिविल | देहरादून | 03–06–2011 | सीधी भर्ती | |
| 43 | श्री प्रभात कुमार पाण्डे | 01–07–57 | डिप्लोमा | नैनीताल | 04–05–2011 | पदोन्नति | |
| 44 | श्री राजीव सैनी | 30–05–68 | बी.ई.सिविल | हरिद्वार | 03–06–2011 | सीधी भर्ती | |
| 45 | श्री प्रेम सिंह गडिया | 12–06–52 | डिप्लोमा | अल्मोडा | 31–05–2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 46 | श्री लक्ष्मी चन्द्र रमोला | 20–07–78 | बी0टैक सिविल | टिहरी | 05–03–2013 | सीधी भर्ती | |
| 47 | श्री गणेश दत्त पन्त | 05–01–55 | डिप्लोमा | अल्मोडा | 31–05–2011 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 48 | श्री यशवीर मल्ल | 11–03–68 | बी.ई.सिविल | देहरादून | 03–06–2011 | सीधी भर्ती | |
| 49 | श्री अशोक कुमार | 16–06–72 | डिप्लोमा ए.एम.आई.सी.ई. (I) | पौडी | 11–03–2011 | पदोन्नति | |
| 50 | श्री बिलाल यूनूस | 25–09–82 | बी.ई.सिविल | उधमसिंह नगर | 03–06–2011 | सीधी भर्ती | |
| 51 | श्री मनोज कुमार टम्टा | 25–03–62 | डिप्लोमा | अल्मोडा | 11–03–2011 | पदोन्नति | |
| 52 | श्री रविशंकर लोशाली | 03–08–84 | बी0टैक सिविल | हल्द्वानी | 05–03–2013 | सीधी भर्ती | |
| 53 | श्री राजेन्द्र पाल | 22–10–75 | डिप्लोमा | टिहरी | 11–03–2011 | पदोन्नति | |
| 54 | श्री प्रदीप सिंह कुंवर | 06–06–76 | बी0टैक सिविल | चमोली | 04–07–2013 | सीधी भर्ती | |
| 55 | श्री अवधेश कुमार | 17–07–64 | डिप्लोमा | देहरादून | 11–03–2011 | पदोन्नति | |
| 56 | कु0 मोनिका वर्मा | 01–07–81 | बी.ई.सिविल | देहरादून | 2011 | सीधी भर्ती | |
| 57 | श्री बी0एन0 प्रजापति | 23–9–53 | डिप्लोमा | बांदा | 9–4–2013 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 58 | श्री शोभिन यादव | 10–8–54 | डिप्लोमा | वाराणासी | 9–4–2013 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 59 | श्री कृष्ण पाल सिंह | 1–1–57 | डिप्लोमा | एटा | 9–4–2013 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 60 | श्री सैयद मैहम्मद समून | 15–5–54 | डिप्लोमा | बरेली | 9–4–2013 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 61 | श्री उमेश चन्द्र पाल | 8–2–55 | डिप्लोमा | फरुखाबाद | 9–4–2013 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 62 | श्री उमेश चन्द्र शर्मा | 12–2–54 | डिप्लोमा | आगरा | 9–4–2013 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 63 | श्री प्रेमजी श्रीवास्तव | 24–01–58 | डिप्लोमा | बस्ती | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 64 | श्री कैलाश चन्द्र पैन्यूली | 01–07–63 | डिप्लोमा | चमोली | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 65 | श्री राम करण वर्मा | 03–03–60 | डिप्लोमा बी0टैक सिविल | फतेहपुर | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 66 | श्री अजय पाल सिंह | 12–09–61 | डिप्लोमा | फतेहपुर | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 67 | श्री जे.पी. सिंह | 02–07–63 | डिप्लोमा | कानपुर | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 68 | श्री विरेन्द्र सिंह | 12–08–59 | डिप्लोमा | बाराबंकी | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 69 | श्री बी.सी. पाल | 01–10–60 | डिप्लोमा | कानपुर | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 70 | श्री एच.सी. पाल | 10–03–58 | डिप्लोमा | लखनऊ | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 71 | श्री राजेन्द्र प्रसाद ममगांई | 01–07–61 | डिप्लोमा | उत्तरकाशी | 09–04–13 | पदोन्नति | |
| 72 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव | 01–03–62 | डिप्लोमा | बहराइच | 11–07–13 | पदोन्नति | |
| 73 | श्री राजेश कुमार निर्वाल | 20–09–66 | डिप्लोमा | मुजफ्फरनगर | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 74 | श्री अमित कुमार | 21–01–87 | बी0टैक सिविल | नालंदा, बिहार | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 75 | श्री शिव कुमार राय | 01–07–65 | डिप्लोमा ए.एम.आई.ई | बलिया | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 76 | श्री विपिन कुमार | 03–05–90 | बी0टैक सिविल | हरिद्वार | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 77 | श्री मदन सैन वर्मा | 03–06–64 | डिप्लोमा बी0टैक सविल | मुजफ्फरनगर | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 78 | श्री अनीष म0 पिल्लई | 20–03–86 | बी0ई0 सिविल | कोटा राजस्थान | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 79 | श्री संजय कुमार श्रीवास्तव | 08–01–65 | डिप्लोमा | इलाहबाद | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 80 | श्री संदीप चतुर्वेदी | 03–11–90 | बी0ई0 सिविल | मध्यप्रदेश | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 81 | श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव | 01–01–60 | डिप्लोमा बी0टैक मैकेनिकल | जौनपुर | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 82 | श्री प्रशान्त भारद्वाज | 01–07–90 | बी.टैक एम.टैक वि0यां0 | पौड़ी | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 83 | श्री शिशुपाल सिंह | 05–07–62 | डिप्लोमा | इटावा | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 84 | श्री नीरज तिवारी | 12–06–85 | बी.टैक एम.टैक वि0यां0 | अल्मोड़ा | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 85 | श्री राकेश कुमार | 01–07–64 | डिप्लोमा | हरिद्वार | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 86 | श्री मनोज कुमार गंगवार | 14–05–90 | बी0टैक वि0यां0 | हल्द्वानी | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 87 | श्री अरूण कुमार | 01–08–65 | डिप्लोमा | मुजफ्फरनगर | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 88 | श्री विनेश कुमार | 10–08–79 | बी0टैक सिविल | देहरादून | 12–2–2015 | सीधी भर्ती | |
| 89 | श्री रमाशंकर | 05–03–64 | डिप्लोमा | मिर्जापुर | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 90 | सुश्री निशा गौतम | 17–07–88 | बी.टैक एम.टैक वि0यां0 | देहरादून | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 91 | श्री सत्यवान सिंह रावत | 18–08–70 | डिप्लोमा | पिथौरागढ़ | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 92 | श्री रमेश गर्ब्याल | 02–01–87 | बी.टैक एम.टैक सिविल | पिथौरागढ़ | 06–6–2014 | सीधी भर्ती | |
| 93 | श्री बलीराम चौधरी | 16–12–63 | डिप्लोमा | बस्ती | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 94 | श्री राधेश्याम गुप्ता | 24–7–62 | डिप्लोमा | चन्दोली उत्तर प्रदेश | 30–06–14 | पदोन्नति | |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | श्री विनोद पाण्डे | 28–02–67 | डिप्लोमा | रूद्रप्रयाग | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 96 | श्री हरीश कुमार बंसल | 10–10–66 | डिप्लोमा | देहरादून | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 97 | श्री लोकेन्द्र सिंह कुमांई | 12–07–63 | डिप्लोमा बी0टैक सिविल | उत्तरकाशी | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 98 | श्री भूपेन्द्र सिंह | 27–02–66 | डिप्लोमा बी0टैक सिविल | चमोली | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 99 | श्री राकेश कुमार वर्मा | 08–06–64 | डिप्लोमा ए0एम0आई0इ | मुजफ्फरनगर | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 100 | श्री सुभाष चन्द्र जुयाल | 02–01–68 | डिप्लोमा | पौड़ी | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 101 | श्री सुनील बिष्ट | 21–11–65 | डिप्लोमा | हरिद्वार | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 102 | श्री गिरीश चन्द्र भट्ट | 24–12–59 | डिप्लोमा बी0टैक वि0यां0 | टिहरी | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 103 | श्री आनन्द मोहन कंसल | 26–01–64 | डिप्लोमा ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कन्स्ट्रक्शन मैनेजमेंट | देहरादून | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 104 | श्री अरूण विकम सिंह | 29–08–69 | डिप्लोमा बी0ई0 सिविल | पौड़ी | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 105 | श्री विनीत रावत | 20–01–67 | बी0ई0 सिविल | पौड़ी | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 106 | श्री श्याम सिंह रावत | 15–02–63 | डिप्लोमा | अल्मोड़ा | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 107 | श्री बंशीधर भट्ट | 27–02–67 | डिप्लोमा | चम्पावत | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 108 | श्री त्रेपन सिंह रावत | 10–01–78 | डिप्लोमा | देहरादून | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 109 | श्री चन्दन सिंह देवड़ी | 02–06–68 | डिप्लोमा | अल्मोड़ा | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 110 | श्री रवि प्रकाश | 25–08–68 | डिप्लोमा | | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 111 | श्री दलीप सिंह बिष्ट | 15–03–66 | डिप्लोमा | | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 112 | श्री मुकेश कुमार | 01–07–66 | डिप्लोमा | | 30–06–14 | पदोन्नति | |
| 113 | श्री राजेश कुमार | 11–08–68 | डिप्लोमा | हरिद्वार | 01–09–15 | पदोन्नति | |
| 114 | श्री ललित मोहन पाण्डे | 15–01–66 | डिप्लोमा | अल्मोड़ा | 01–09–15 | पदोन्नति | |
| 115 | श्री संजय कुमार | 10–08–74 | डिप्लोमा | हरिद्वार | 04–01–17 | पदोन्नति | 1–9–2015 से नोशनल पदोन्नत |
| 116 | श्री बदरे आलम | 01–01–73 | डिप्लोमा | हरिद्वार | 01–09–15 | पदोन्नति | |
| 117 | श्री अब्दुल रशीद | 01–04–74 | डिप्लोमा | उधमसिंहनगर | 01–09–15 | पदोन्नति | |

4– जल संस्थान सेवा के सहायक अभियन्ताओं की पारस्परिक ज्येष्ठता निर्धारण के लिए इस आदेश के प्रस्तर–3 में विनिश्चित की गई अन्तिम ज्येष्ठता के विरुद्ध प्राप्त किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

5– उपरोक्त अन्तिम ज्येष्ठता सूची मा0 लोक सेवा अधिकरण देहरादून में दायर निर्देश याचिका **संख्या 05/DB/2015 सुशील कुमार सैनी व अन्य बनाम राज्य व अन्य एवं मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल** में दायर रिट याचिका संख्या–220/17 (S/B) श्री सुनील तिवारी बनाम राज्य व अन्य में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

**(अरविन्द सिंह ह्यांकी)**
प्रभारी सचिव।

संख्या एवं दिनांक उक्तवत्

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून।
2. मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित कि अन्तिम ज्येष्ठता सूची को एन0आई0सी0 की वैबसाईट पर अपलोड करने के साथ ही सम्बन्धित सहायक अभियन्ताओं के मध्य भी परिचालित करने का कष्ट करें।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्तागण द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून।
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अर्जुन सिंह)
अपर सचिव।

# कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान 'जल भवन' बी–ब्लाक नेहरु कालोनी देहरादून।

पत्रांक 2416 कार्मिक/01/अन्तिम ज्ये0सू0 (अभि0)/57/2017–18 दिनांक 06-07-2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या– ... -806/उन्तीस (1) /2017 – (07अधि0) /2001 पेयजल एवं स्वच्छता अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 06 जुलाई 2017 की प्रति इस निर्देश के साथ प्राप्त है, के अन्तिम ज्येष्ठता सूची को एन0आई0सी0 की वैबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही सम्बन्धित सहायक अभियन्ताओं के मध्य भी परिचालित करने का कष्ट करें। शासन से प्राप्त निर्देशों के कम में उक्त की प्रति अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित की जा रही है, कि आप अपने अधीनस्थ सम्बन्धित सहायक अभियन्ताओं को इसकी एक–एक प्रति उपलब्ध करा दें।

1. मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान को सादर प्रेषित।
2. महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून (टी0आर0एम0/मु0)/ नैनीताल/पौडी/ पिथौरागढ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान ..................................................।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान ..................................................।
5. वरिष्ठ लेखाधिकारी, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून।
6. लेखाधिकारी (अधि0) उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून।
7. जलकल अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान ऋषिकेश / विकासनगर।
8. लेखाकार (अधि0) उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून।
9. श्री मनोज भटट संगणक को इस निर्देश के साथ प्रति की संलग्न सहायक अभियन्ताओं की अन्तिम वरिष्ठता सूची को एन0आई0सी0 की वैबसाइट पर अपलोड करें।
10. सम्बन्धित को नाम से द्वारा शाखाधिकारी

6/7/17

सचिव प्रशासन

06/07/17

office order.a.g. 14-15 152